खाद के बढ़े दामों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

एनपीके खाद 800 रुपए प्रति बोरी तक महंगी

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. रबी फसल की कटाई और बिक्री के बाद अब किसान खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। खेतों की जुताई, बीज और खाद की व्यवस्था के बीच अचानक खाद के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी ने किसानों का बजट बिगाड़ दिया है। खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि फसलों का लाभकारी मूल्य उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहा है।

इस बार सबसे ज्यादा असर एनपीके और पोटाश खाद की कीमतों पर पड़ा है। प्रमुख खादों के दामों में सैकड़ों रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एनपीके 12-32-16 खाद में 550 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि हुई है। वहीं एनपीके 16-16-16 का दाम 325 रुपए बढ़ गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी एनपीके 19-19-19 में हुई है, जिसके दाम में 800 रुपए प्रति बोरी तक इजाफा हुआ है। इसके अलावा पोटाश खाद भी 175 रुपए प्रति बोरी महंगी हो गई है। खाद की कीमतों में इस अचानक बढ़ोतरी से किसानों की चिंता कई गुना बढ़ गई है। पहले से डीजल की बढ़ती कीमतों ने खेती की लागत बढ़ा रखी थी, अब खाद और बीज के महंगे होने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि 10 से 12 बैग खाद खरीदने पर उन्हें करीब 5 हजार रुपए तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। फिलहाल यूरिया और डीएपी के दामों में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, लेकिन बाजार और सहकारी समितियों में डीएपी 12-32-16 की उपलब्धता को लेकर सवाल उठने लगे हैं.

पुराने स्टाक की कीमत वही : नरेन्द्र

बढ़ी हुई कीमतों को लेकर जिला विपणन अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खाद की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है जिसमें एनपीके 12-32-16 खाद में 550 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि हुई है। और 10-26-26 जो अब 2450 में मिलेगी। किसानों को जो हमारे पास पुराना भंडार उपलब्ध हैं उसे पुराने रेट में ही किसानों को दिया जाएगा। खाद की नई आवक में नए रेट से खाद किसानों को मिलेगी।

दर्जन भर से अधिक पुलिसकर्मियों के तबादले

जोनल पुलिस स्थापना बोर्ड की हरी झण्डी

नवभारत न्यूज

रीवा, 9 जून, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा जोन से दर्जन भर से अधिक पुलिसकर्मियों का स्थानान्तरण एक जिले से दूसरे जिले में किया गया है.

मंगलवार को सूची जारी की गई है. आईजी गौरव राजपूत ने जोनल पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद 15 पुलिसकर्मियों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया है. इस तबादला सूची में रीवा, सतना, मैहर जिलों में सबसे ज्यादा आवाजाही हुई है. रीवा से 4, मैहर से 3 और सतना से 2 पुलिसकर्मी दूसरे जिलों में भेजे गए हैं. वहीं रीवा जिले में 5, मैहर में 4 और सतना में 3 नए पुलिसकर्मियों की पदस्थापना की गई है.

आदेश के मुताबिक पुलिस मुख्यालय भोपाल के अनुसार कर्मचारियों के आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इन्हें स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित कर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नई इकाई में पदस्थ किया गया है.

संबंधित पुलिस अधीक्षकों को स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल रवानगी देने के निर्देश दिए गए हैं. सउनि. पुष्पराज सिंह चौहान जिला मऊगंज से जिला सिंगरौली, सउनि. शिवकुमार बागरी जिला रीवा से जिला सतना, सउनि. हरिलाल वर्मा जिला मैहर से रीवा, सउनि. राजकुमार शुक्ला जिला सीधी से मैहर, प्र.आर. तौसीफ खान मऊगंज से मैहर, प्र.आर. राहुल सिंह रीवासे सिंगरौली, प्र.आर. रामदरश साकेत सिंगरौली से रीवा, प्र.आर. राम सिंह मैहर से सीधी, प्र.आर. संजय कुमार अहिरवार सीधीसे मैहर, आर. मयंक मिश्रा सतना से रीवा, आर. मयंक भूषण गौतम रीवा से मैहर, आर. नीरज पाण्डेय मैहर से रीवा, आर. मनोज कुमार गौतम सतना से रीवा, आर. जितेन्द्र बाथम रीवा से सतना, आर. जितेन्द्र रावत सिंगरौली से सतना स्थानान्तरित किये गये है.

आउट सोर्स कर्मचारी करंट से झुलसा

बिजली सुधारते समय हुआ हादसा, हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

रीवा, 9 जून, विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी विद्युत सुधार कार्य के दौरान करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया. जिसे आनन-फानन रात में ही उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहा बर्न यूनिट में उपचार चल रहा है.

चोरहटा विद्युत वितरण केन्द्र में घायल आउटसोर्स लाइन मैन कमलेश कोल निवासी उमरी थाना रामपुर बघेलान पदस्थ है. रात में दुआरी गांव में वितरण ट्रांसफार्मर के सुधार के दौरान अचानक विद्युत सप्लाई चालू होने से कमलेश करंट की चपेट में आ गया. बकायदे परमिट लेकर लाइन बंद कराने के बाद काम शुरू किया गया था. काम पूरा नही हुआ था और अचानक सप्लाई चालू हो गई, जिससे कमलेश करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया. आनन-फानन साथी कर्मचारियों ने घायल अवस्था में संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे और विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी. एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जांच का विषय है कि परमिट किसने ली और अचानक विद्युत सप्लाई कैसे चालू कर दी गई. घायल कमलेश की पत्नी सावित्री कोल ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करने के साथ अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए है.

सुरक्षा के साथ निष्पक्ष जांच हो : तिवारी

अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि कमलेश कोल के उपचार की संपूर्ण और उच्चस्तरीय व्यवस्था तत्काल की जाए. उपचार का पूरा खर्च विभाग एवं संबंधित एजेंसी वहन करे. दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाए. कमलेश कोल के परिवार को आर्थिक सुरक्षा और उचित मुआवजा दिया जाए. विद्युत विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. आज कमलेश कोल अस्पताल में जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं.

बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

▶ हथिओदरा के पास दर्दनाक सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 9 जून. जिले के करथुआ एवं जियावान थाना के मध्य स्थित चौराडा? के समीप हथिओदरा सड़क मार्ग में एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक सेमरी से ससुराल गोरबी जा रहा था

प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यम वर्मा (पिता शिव प्रसाद रजक), निवासी ग्राम पंचायत सेमरी, जिला सीधी, किसी कार्य से अपनी ससुराल गोरवी जा रहे थे। इसी दौरान देवसर की ओर से सीधी जा रही एसके बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा लगभग चार से पाँच बजे के बीच हथिओदरा के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

हाईवा चालक ने ट्रैक्टर को मारा टक्कर, तीन श्रमिक घायल

सिंगरौली 9 जून। सरई थाना क्षेत्र की बरका चौकी अंतर्गत गजरहिया गांव में एक हाइवा वाहन ने ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर को करीब 100 मीटर तक घसीट दिया। जहां तीन श्रमिक घायल हो गये। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान ट्रैक्टर में सवार श्रमिक राजेश पिता मानबहादुर सिंह उम्र 18 वर्ष, लालबहादुर पिता रामबहादुर सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी झुरहानार पोखरी टोला, गोविन्द यादव पिता सौखलाल यादव उम्र 25 वर्ष निवासी गन्नई मजदूर घायल हो गये।

किशोरी का शव लटका मिला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जून। मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिधार में 28 मई से लापता 14 वर्षीय सोनमतिया देवी पिता जदुवीर उर्फ जवाहिर सिंह का शव जंगल में पेड़ से फंदे पर लटका मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

परिजनों के अनुसार किशोरी सोनमतिया देवी 28 मई को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस दौरान गुमशुदगी की रिपोर्ट मोरवा थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी। आज मंगलवार को ग्रामीणों से सूचना मिली कि गांव से करीब 4-5 किलोमीटर दूर जंगल में एक किशोरी का शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सोनमतिया देवी के रूप में की। बताया गया कि शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका मिला। मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

धूल भरी आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आधे घंटे तक चला तेज तूफान

▶ पेड़ों की डालियां टूटीं, लोगों को हुई परेशानी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जून। मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज धूल भरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया।

लगभग आधे घंटे तक चली तेज हवाओं और धूल के गुबार के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंधी के दौरान कई क्षेत्रों में धूल का घना गुबार छा गया। लोग दुकानों, घरों और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए। तेज हवाओं के कारण कई पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन अचानक बदले मौसम ने लोगों को परेशान कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार इस वर्ष की यह सबसे तेज धूल भरी आंधियों में से एक रही। आंधी थमने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन सड़कों और घरों के आसपास धूल की मोटी परत जम गई। मौसम विभाग ने भी बदलते मौसम के बीच सतर्क रहने की सलाह दी है।

अतिक्रमणकारियों को 7 दिन का समय

नवभारत न्यूज

सीधी, 9 जून. जिले के मझौली जनपद पंचायत के मड़वास बाजार में सड़क और नालियों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

मंगलवार दोपहर तहसीलदार सहित कई विभागों के अधिकारियों ने मड़वास पहुंचकर अतिक्रमण का निरीक्षण किया। अतिक्रमणकारियों को सात दिन के भीतर स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई है, ऐसा न करने पर बुलडोजर चलाने की बात कही गई है। मड़वास में हल्की बारिश में भी मुख्य सड? जलमग्न हो जाती है। इसका मुख्य कारण सड? और नालियों पर अतिक्रमण है, जिससे पानी की निकासी बाधित होती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक बैठक आयोजित की गई। दुकानदारों को भी अपनी निर्धारित सीमा में ही सामान रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यातायात सुचारु रहे और नालियों की सफाई व जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो।

पुलिया निर्माण कार्य में सीईओ ने लगाई रोक

नवभारत न्यूज

चितरंगी 9 जून। स्थानीय जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओड़नी में आनन-फानन में शुरू किये गये निर्माण कार्य पर जनपद पंचायत चितरंगी के सीईओ मानसिंह सैयाम ने जांच प्रक्रिया पूर्ण होने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया।

ओड़नी में करोड़ों के निर्माण कार्यों पर भ्रष्टाचार के आरोप

एसडीओ व उपयंत्री की मिलीभगत से गड़बड़ी

नवभारत न्यूज

चितरंगी 8 जून। जनपद पंचायत चितरंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़नी में जारी गए निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं, लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। पूर्व लोकसभा अभ्यर्थी लक्ष्मण सिंह बैस ने सीईओ जप चितरंगी को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत ओड़नी के ग्राम टेढ़ा सिमरा अनुसूचित जाति बस्ती में स्वीकृत कालनर्ट पुलिया निर्माण कार्य को एसएमेलों में पूर्ण दर्शाकर पूरी राशि आहरित कर ली गई, जबकि मौके पर निर्माण कार्य दिखाई नहीं देता। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बिना निर्माण कराए ही सरकारीय राशि निकाल ली गई, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला है। नहीं ग्राम केकरहाय में संचालित द्वारा कराए गए कई पोखरीयों सड़क निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पर भी सवालों पर गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है। इससे ग्रामीणों, किसानों और वाहन चालकों को परेशानी होती पड़ रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित निर्माण कार्यों में ईई अभियंतिताओं के रिश्ते कराया निर्माण एजेंसी की नहीं, अपितु सत्तापक्ष मंत्री और उपयंत्री की भूमिका भी संदिग्ध है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि संकरीकी अधिकारियों की मिलीभगत के बिना अपूर्ण या गुणवत्तहीन कार्यों का भुगतानकर और भुगतान संभव नहीं है। इसलिए, जांच के दायरे में संबंधित एसडीओ एवं उपयंत्री को भी शामिल किया जाना चाहिए। लक्ष्मण सिंह बैस ने मांग की है कि सभी कार्यों की मौके पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा जांच पूरी होने तक संबंधित निर्माण कार्यों के भुगतान पर रोक लगाई जाए। शिकायत के बाद जनपद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शिकायत होते ही पुलिया निर्माण कार्यों की आनन-फानन में जांच शिकायतकर्ता ने गौरतलब हो कि नवभारत ने 9 जून को ओड़नी ग्राम पंचायत में मची भर्रेशाही, पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्यों में करोड़ों रूपये के कार्यों में भ्रष्टाचार की खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। सीईओ जनपद पंचायत चितरंगी ने मामले को गंभीरता से लेते हुये आदेश जारी किया है, जिसमें आनन-फानन में कराए जा रहे कार्य पर रोक लगा दिया है। पत्र में सरपंच-सचिव को निर्देशित किया गया है कि ओड़नी पंचायत में निर्माणाधीन पुलिया का कार्य कराया जा रहा है। साइट सेलेक्शन के उपयोगिता पर जांच के लिए दल गठित किया गया है। निर्माणाधीन कार्य की जांच कार्रवाई पूर्ण होने तक आरम्भ न करें। सीईओ से इस कार्रवाई से पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है।

अपहरण व दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सीधी, 9 जून. नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को चौकी सिहावल, थाना अमिलिया पुलिस द्वारा जिला मऊगंज के हनुमना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

थाना अमिलिया पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस के अनुसार दिनांक 10 जनवरी 2026 को चौकी सिहावल में एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा गांव एवं रिश्तेदारी में तलाश करने के बावजूद बालिका का कोई पता नहीं चलने पर चौकी सिहावल में शिकायत दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर थाना अमिलिया में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल एक विशेष टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सघन तलाश की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से बालिका को दिनांक 17 जनवरी 2026 को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

गुजरात में पकड़ा गया आरोपी

अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया था तथा गुजरात क्षेत्र में छिपकर रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु चौकी सिहावल पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से निगरानी रखी जा रही थी। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 08 जून 2026 को आरोपी के हनुमना क्षेत्र, जिला मऊगंज में होने की सूचना प्राप्त हुई।

स्मार्ट मीटर के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, चार परिवार फंसे

6 बाइक जलीं, पुलिस और फायर ब्रिगेड ने समय रहते सभी को सुरक्षित निकाला

नवभारत न्यूज

रीवा, 9 जून, रीवा के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के शिवनगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मकान में अचानक आग लग गई. मकान मालिक का आरोप है कि स्मार्ट मीटर में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया. आग की इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, हालांकि राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई.

शिवनगर निवासी हीरा सिंह के मकान में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया. बताया गया कि मकान में लगे स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग भड़की और तेजी से पूरे घर में फैल गई. उस समय मकान में किराए से रहने वाले चार परिवार मौजूद थे, जो आग लगने के बाद अंदर ही फंस गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस और दमकल कर्मियों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और आग पर काबू पाया. आग की चपेट में आकर घर में खड़ी छह मोटर साइकिलें पूरी तरह जलकर खाक हो गई. वहीं मकान की पूरी इलेक्ट्रिक वायरिंग और घरेलू सामान भी जल गया.

फिलहाल पुलिस आग लगने के कारण की जांच कर रही है.

प्रभारी मंत्री राधा आज मैहर में

मैहर 09 जून. मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 10 जून को प्रातः 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगी।

सतना-पन्ना नई रेल लाइन पर आज होगा हाईस्पीड ट्रायल

लोगों को रेल ट्रैक से दूर रहने की सलाह

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. पश्चिम मध्य रेल द्वारा सतना-पन्ना नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत फुलवारी - देवेन्द्रनगर स्टेशनों के बीच 10 जून 2026 को तीव्र गति से स्पीड ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल सफल होने के बाद इस खंड पर नियमित रेल यातायात प्रारंभ होने का मार्ग बन जाएगा।

सतना-पन्ना नई रेल लाइन परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई है। 10 जून 2026 यानी आज फुलवारी - देवेन्द्रनगर स्टेशनों के बीच नई रेल लाइन पर हाईस्पीड स्पीड ट्रायल किया जाएगा। यह ट्रायल रेलवे सुरक्षा और तकनीकी मानकों की जांच के लिए किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार स्पीड ट्रायल सफल होने के बाद फुलवारी - देवेन्द्रनगर रेल खंड पर नियमित ट्रेन संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इससे क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी और सतना-पन्ना रेल संपर्क को मजबूती मिलेगी रेल प्रशासन ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलवे भूमि के अंदर या खुले समपार फाटकों के अलावा अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना भारतीय रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत गैरकानूनी है। इसके तहत 6 माह तक की जेल, 1000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। साथ ही लोगों से कहा गया है कि समपार फाटक पार करते समय सभी सुरक्षा नियमों का पालन करें और तभी पार करें जब दोनों दिशाओं से कोई ट्रेन नहीं आ रही हो। रेलवे प्रशासन ने ट्रायल के दौरान लाइन के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाने की भी अपील की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99